## संक्षिप्त

### डॉ. कुमावत मंत्री जोराराम से मिले

**चौमूं / कालाडेरा (निसं)।** चौमूं शहर के स्थानीय निवासी व पूर्व प्रदेश भाजपा डिजिटल मीडिया प्रभारी डॉ. जितेन्द्र कुमावत ने सोमवार को सचिवालय पहुंचकर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत से मुलाकात की। पशुपालन, डेयरी व देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सोमवार को सचिवालय में पदभार ठाहण किया। इस दौरान डॉ. जितेन्द्र कुमावत ने चौमूं विधानसभा क्षेत्र के पशुपालकों की समस्याओं से कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत को अवगत करवाया और उनका निदान करने के लिए कहा। जोराराम कुमावत ने चौमूं विधानसभा क्षेत्र के पशुपालको की सभी समस्याओं हल करने का आश्वासन डॉ. कुमावत को दिया है। इस अवसर पर डॉ. मोतीराम कुमावत, अनिल कुमावत सहित विधानसभा क्षेत्र के अन्य लोग भी उपस्थित थे।

### साहु बने ब्लॉक अध्यक्ष

**मालपुरा (निस)।** भारतीय तेली साहु घांची राठोर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष प्रहलाद साहु ने एक नियुक्ति पत्र जारी कर मालपुरा निवासी सीताराम साहु को ब्लॉक अध्यक्ष पद पर किया नियुक्त। सीताराम साहु की कार्य कुशलता व समाज व सामाजिक सेवा कार्यो मे पूर्ण निष्ठा सहित समिति के साथ-साथ समाज के लोगो से मितव्यत्ता को मध्य नजर रखते हुए सीताराम साहु को यह जिम्मेदारी सौंपी है। साहु समाज सहित ईष्ट-मित्रो व अनेक सामाजिक संगठनो से जुडे लोगो ने बधाई दे उज्जवल भविष्य की कामना की तो साहु ने समाज हित मे कार्य करने का विश्वास दिलाया।

### मोदी के संवाद को सुना

**बौंली, बामनवास (निस)।** सवाई माधोपुर जिला मुख्यालय के नगर परिषद सभागार में सोमवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान के कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा थे एवं अध्यक्षता जिला कलेक्टर डाक्टर खुशाल यादव ने की। कार्यक्रम में उपस्थित जिला अधिकारी, जनप्रतिनिधि, व आमजनो ने एलईडी के माध्यम से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद को देखा एवं सुना।

# विधायक कुलदीप धनकड व हंसराज पटेल ने किया शिविरों का निरीक्षण

**पावटा (कासं)।** पावटा पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों का आयोजन निरन्तर जारी है। सोमवार को ग्राम पंचायत पाथरेडी मे विधायक हंसराज पटेल के मुय आतिथ्य व लाडाकाबास में विधायक

> ■ 'मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्ति हो लाभान्वित'

कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य एवं उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी के निर्देश व पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य, ग्राम पंचायत पाथरेडी सरपंच रामस्वरूप गुर्जर, ग्राम पंचायत लाडाकाबास सरपंच सरोज देवी की अध्यक्षता मे शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत लाडाकाबास मे शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक कुलदीप धनकड ने कहाँ कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में इस



लाडाकाबास में विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य में संकल्प शिविर का आयोजन किया गया।

यात्रा का आयोजन किया जा जा रहा है। इस यात्रा के लिए ग्रामीण इलाकों में लोगो में काफी उत्साह भी है। देश भर के गांवों में करोडों परिवारों को वेंद्र की भाजपा सरकार की किसी न किसी योजना का जरूर लाभ मिला है। जब ये लाभ गरीब जनता को मिलता है तो इससे उन लोगों में एक विश्वास बढता है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा जब विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में पहुंची तो बुजुर्गों सहित समाज के सभी वर्ग ने इसका स्वागत किया और आज विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बडा माध्यम बनी है। वही ग्राम पंचायत पाथरेडी मे शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो यही शिविर का मुय उद्धेश्य है। पटेल व धनकड ने कहा कि नैनो फर्टिलाईजर के उपयोग से ना केवल रसायनों का उपयोग कम होगा बल्कि उत्पादकता भी बढेगी। उज्ज्वला योजना के माध्यम से 45० रुपये में रसोई गैंस सिलेण्डर, पीएम किसान योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता, आयुष्मान भारत के तहत निःशुल्क चिकित्सकीय लाभ से आमजन लाभान्वित हो रहा है।

उन्होंने आमजन से अधिक से अधिक संया में पहुंचकर शिविर का लाभ लेने की बात कही।

वहीं शिविर में उपस्थित सभी ग्रामीणों को भारत को विकसित राष्ट बनाने की शपथ भी दिलवाई। उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी ने मौके पर सभी संबंधित अधिकारियों को शिविर समाप्त होने के बाद भी अगर कोई लाभार्थी किसी योजना से वंचित रह जाता है तो उसको जोडने के निर्देश दिये। इस दौरान पावटा एसडीएम बजरंग लाल स्वामी समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी एवं बडी संया में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### डॉ.सौम्या झा ने पद्भार संभाला



**टोंक।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच की आईएएस अधिकारी डॉ. सौम्या झा ने रविवार देर शाम टोंक जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट का पदभार ग्रहण किया। नवनियुक्त जिला कलेक्टर इससे पूर्व मुख्यमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव, राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, गृह विभाग में संयुक्त सचिव एवं जिला परिषद टोंक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुकी है।

### कलेक्टर यादव ने संभाला पद्भार

**बौंली- बामनवास (कासं)।** सवाई माधोपुर जिले के नव नियुक्त जिला कलेक्टर डाक्टर खुशाल यादव ने सोमवार को पूर्व जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला से पदभार संभाला। इस दौरान पूर्व जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला को संस्कृत शिक्षा विभाग आयुक्त जयपुर के पद पर स्थानांतरण होने पर उन्हें अधिकारी व कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी। नव नियुक्त जिला कलेक्टर डाक्टर खुशाल यादव ने पदभार संभालने के बाद उपस्थित अधिकारी व पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि सवाई माधोपुर जिला भगवान श्री त्रिनेत्र गणेश मंदिर व टाइगर नेशनल पार्क होने की वजह से विश्व प्रसिद्ध है एवं हजारों लोगों के रोजगार का भी माध्यम है उनकी पहली प्राथमिकता केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाना है एवं इस जिले में स्थानीय निवासियों को रोजगार भी उपलब्ध कराने के साधन पहचानना हैं।

### सार्वजनिक अवकाश घोषित

**टोंक।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बुधवार, 10 जनवरी को पंचायत समिति उनियारा के ग्राम पंचायत बिलासपुर, ग्राम पंचायत पलाई एवं पंचायत समिति पीपलू की ग्राम पंचायत नानेर में सरपंच एवं वार्ड पंचों के उप चुनाव के तहत संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान दिवस का सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

### हनुमान मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव आज

**श्रीमाधोपुर।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध पोलादास हनुमान मंदिर में मंगलवार 9 जनवरी को दोपहर 12:15 बजे भोग के बाद शाम 4:30 बजे से पौष बड़ा महोत्सव के तहत पंगत प्रसादी का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंदिर पुजारी पुरण दास महाराज ने क्षेत्र वासियों से पौष बड़ा महोत्सव में भाग लेने का आठाह किया है।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

**श्रीमाधोपुर।** उपखंड मुख्यालय श्रीमाधोपुर पर गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को समारोह आयोजन की तैयारीयो को लेकर 9 जनवरी मंगलवार को दोपहर 12:30 बजे उपखंड अधिकारी कार्यालय श्रीमाधोपुर में आवश्यक बैठक का आयोजन किया जाएगा। उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़ ने इस बैठक में सभी उपखंड स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### संकल्प यात्रा का देखा सीधा प्रसारण

**श्रीमाधोपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा (शहरी अभियान) के अंतर्गत दोपहर 12:30 बजे विभिन्न योजनाओं की जानकारी एवं लाभार्थियों से लाइव संवाद - उद्बोधन किया गया। नगर पालिका श्रीमाधोपुर के अधिशासी अधिकारी परमवीर दुलार के अनुसार इस कार्यक्रम को नगर पालिका परिसर में एक बड़ी एलइडी स्क्रीन लगाकर कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया जिसमें आमजन, जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### भव्य स्वागत हुआ

**अमरसर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज अमरसर में भव्य स्वागत किया गया इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा नेत्री रत्ना कुमारी जिला उपाध्यक्ष जयपुर देहात उपस्थित रही उन्होंने बताया की यात्रा का उद्देश्य भारत सरकार द्वारा आयोजित कल्याणकारी योजनाओं को गांव ढाणी पहुंचाना और हर व्यक्ति को योजना का लाभ मिले उन्होंने कई लोगो को समस्या सुनी।

## परशुराम सेना की कार्यकारिणी का विस्तार

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना संघ की आमसभा का आयोजन श्री राम मंदिर परिसर दौसा में महंत अमरदास महाराज के सानिध्य में किया गया। सर्वप्रथम भगवान परशुराम का पूजन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ओम प्रकाश शर्मा जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया।

इस बैठक में 22 जनवरी को रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के पावन अवसर को लेकर सनातन धर्म और संस्कृति के अनुरूप प्रत्येक घर आँगन और मन्दिर को राममय बनाने की अपील की। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया दैहिक दैविक भौतिक तापा रामराज्य काहु नहीं ब्यापा" का सामूहिक उच्चारण किया। इसके पश्चात परिचय सत्र प्रारंभ हुआ जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने अपना परिचय देते हुए समाज हित में कार्य करने की बात कही। संघ के महासचिव अनिल कुमार शर्मा ने सभी गणमान्य सदस्यों का दुपट्टा पहना कर हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। साथ ही संघ के उद्देश्य एवं कार्यक्षेत्र के बारे में जानकारी दी। संघ के जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने संघ के विस्तार हेतु प्रक्रियागत निर्णय के बारे में सभा को अवगत कराया। जिसके पश्चात जिला कार्यकारिणी में संरक्षक पद पर महंत अमरदास, सीताराम शास्त्री और पंडित राधेश्याम शर्मा का मनोनयन किया गया। जिला कोषाध्यक्ष के लिए रमेश चंद्र शर्मा, सूचना मंत्री पीयूष शर्मा, संघटन मंत्री लोकेश शर्मा और कैलाश शर्मा एवं कार्यालय प्रभारी की जिम्मेवारी के लिए राधा किशन का चयन सर्वसम्मति से किया गया। नगर कार्यकारिणी दौसा के अध्यक्ष पद हेतु सीताराम शर्मा और सचिव पद पर हरिशंकर शर्मा को सर्वसम्मति से चयनित किया गया। संघटन मंत्री के लिए सत्यप्रकाश और बनवारीलाल पंडा का चयन किया गया। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष पवन शर्मा बिचपुरी ने प्रदेश जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी के बीच समन्वय के लिए आवश्यक व्यवस्था के बारे में अपने विचार प्रकट किए।

## पन्नाधाय कॉलेज में एन.एस.एस. शिविर की शुरूआत



एन.एस.एस. कार्यक्रम शिविर में छात्राओं ने श्रमदान किया।

**टोंक।** पन्नाधाय कालेज टोंक द्वारा सरस्वती वन्दना के साथ एनएसएस कार्यक्रम शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा शिविर 08 से 13 जनवरी तक चलेगा।

शिविर में महाविधालय के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं द्वारा भरपूर जोश एवं उत्साह के साथ स्वच्छता अभियान के तहत महाविधालय परिसर एवं आसपास की सफाई की गई। तथा महाविधालय परिसर एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छ रखने की सभी छात्र/छात्राओं को शिविर में शपथ दिलवायी गई।

### 50 किलो प्लास्टिक कचरा एकत्रित

**अलवर।** सरिस्का बाला किला वन क्षेत्र विकास समिति, अलवर के तत्वावधान में रविवार को बाला किला तिराहा, प्रतापबंध क्षेत्र में दूसरा सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें 5 कट्टे प्लास्टिक तथा वन्यजीवों के लिए घातक अन्य पदार्थों का लगभग 50 किलो एकत्रित कचरा प्रतापबंध वन चौकी पर क्षेत्रीय वनपाल के सुपुर्द किया गया।

समिति के जिलाध्यक्ष सेवानिवृत्त वनपाल देवीसिंह सैनी के नेतृत्व में महामंत्री कमल निलेश धारवाल, मंत्री महेश अठावाल, रतन पंसारी, भारत जैन, महेश आढ़ती, चंद्र प्रकाश सैनी तथा भुवनेश विजय सहित अन्य वन्यजीव प्रेमियों ने बाला किला तिराहे से निकलने वाली तीनों सड़कों तथा श्री चक्रधारी हनुमान मंदिर क्षेत्र में चुर्री-गुटखे के प्लास्टिक पाउस, टिन बीयर कैन, खाली बोतले, पानी की प्लास्टिक बोतले सहित अन्य खाद्य पदार्थों के हजारों पॉलीमर्स पाउस का संग्रह कर प्रतापबंध वन चौकी के सुपुर्द किए।

## मंत्री चौधरी ने संकल्प यात्रा शिविर में गर्भवती महिला की भरी गोद

**मालपुरा (निसं)।** राज्य सरकार के पीएचईडी केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने सोमवार को मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र की बागडी पंचायत मुख्यालय पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का निरीक्षण कर शिविर के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी कर क्षेत्र के विकास का संकल्प दोहराया। मंत्री चौधरी ने मौजूद ग्रामीणो को सम्बोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा मातृ वंदन योजना के जरिए गर्भवती महिलाओं को अनेक लाभ दिये जा रहे है।

साथ ही केन्द्र सरकार की पीएम पोषण योजना मे बच्चो को पोष्टिक आहार आंगनबाडी केन्द्रो पर दिये जा रहै है। केबिनेट मंत्री ने केन्द्र सरकार की डेढ दर्जन से अधिक योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक रहकर लाभ लेने की आमजन से अपील की तो मौजूद अधिकारी व राजसेवको के साथ-साथ जनप्रतिनिधियो से आमजन को योजनाओं का लाभ देने मे किसी प्रकार की कोई कौताही नही बरतने के निर्देश दिये। जलदाय मंत्री बनने के बाद चौधरी ने अपने राजनैतिक गृह क्षैत्र मालपुरा विधानसभा में पहले विकसित भारत संकल्प यात्रा कैम्प निरीक्षण कर मिडिया से मुखाबित होते हुए कहा कि जल-जीवन मिशन सहित कांग्रेस सरकार मे हुये घोटालो की भाजपा सरकार निष्पक्ष जांच करवा दोषियो पर करेगी सख्त कार्यवाही।

आने वाले एक महिने के भीतर मालपुरा विधानसभा ही नही प्रदेश मे जलदाय विभाग की जल वितरण व्यवस्थाओं मे आमुल परिर्वतन होगा। घर-घर नल कनेक्शन कर आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया जायेगा। चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास की सोच रखते हुए सरकार चलाती है। जबकि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने स्वंय का विकास व भेदभाव की राजनीति करते हुए मालपुरा विधानसभा के विकास को अवरूद्ध किया।

अब भजन लाल सरकार ने विकास के नये आयाम बनेगें। जलदाय मंत्री चौधरी का ग्रामीणो ने जोरदार स्वागत कर 4० साल बाद मालपुरा से केबिनेट मंत्री बनने पर बधाई दी। विधानसभा क्षैत्र के विभिन्न गांवो मे कार्यकर्ता व आमजन से मुखाबित होते हुए देर शाम टोडारायसिंह पहुंचे जहां जोरदार स्वागत किया गया। तो मंत्री ने रात्री विश्राम टोडारायसिंह स्थित अपने आवास पर किया।

### कांग्रेसजनों ने मनाया जश्न

**टोंक।** श्रीकरणपुर विधानसभा उपचुनाव में रुपिंदर सिंह कुन्नर के विजयी होने जिला कांग्रेस कमेटी टोंक के अध्यक्ष हरिप्रसाद बेरवा की नेतृत्व में घंटाघर चौराहा टोंक पर कांग्रेस जनों ने आतिशबाजी ढोल नगाडो और मिठाई बांट कर अपनी खुशी का इजहार कर जश्न मनाया।

इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी, हंसराज फागणा, दिनेश चौरसिया, सुनील बंसल, सेवादल अध्यक्ष अब्दुल खालिद, धर्मेंद्र सालोदिया, अशोक महावर, जर्रार खान, इम्तियाज खान, निसार अहमद पार्षद, एहसान बाबा, देहात ब्लॉक अध्यक्ष के कैलाशी मीना, हनुमान यादव, युसूफ यूनिवर्सल, पार्षद राहुल सैनी, बरकत हसीन ,उपसभापति बजरंग लाल वर्मा, ओसाफ खान, आमिर फारूक, नजर हसन, मुजीब पार्षद, हंसराज गाता ,मूलचंद बैरवा एडवोकेट, सलमान खान, इरशाद खान सेवादल, अकबर गुलजार, शौकत हुसैन इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## करणपुर की जनता ने भाजपा के अभिमान को हराया है : मिश्रा

**अलवर।** जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर की ओर से श्रीकरणपुर में कांग्रेस प्रत्याशी रुपिन्दर सिंह कुन्नर को जीत की खुशी में कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में नंगली के चौराहे पर आतिशबाजी एवं मिठाई का वितरण किया गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा की श्रीकरणपुर की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के अभिमान को हराया है। चुनाव के बीच प्रत्याशी को मंत्री बनाकर आचार संहिता और नैतिकता की धज्जियां उड़ाने वाली भाजपा को जनता ने सबक सिखाया है। जब देश की संवैधानिक संस्थाएं अपना दायित्व भूल जाएं, तब जनता की अदालत में न्याय होता है। यह जीत स्व. गुरमीत सिंह कुन्नर के जनसेवा कार्यों को समर्पित है।

नंगली के चौराहे पर ढोल बजाकर, बम पटाखे फोड कर एवं लड्डू खिलाकर जीत की खुशियां मनाई गई। इस दौरान

> ■ करणपुर में कांग्रेस की जीत पर आतिशबाजी व पटाखे छोड़े

जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, पूर्वचेयरमैन प्रदीप आर्य, प्रदेश महासचिव अजीत यादव, बलराम यादव, अनिल

जैन, राजेंद्र पॉल शर्मा,सतीश भाटिया, फूलचंद शर्मा, उमरदीन खान, राजेश कृष्ण सिद्ध प्रवक्ता रिपुदमन गुप्ता, शहर अध्यक्ष जयदीप आर्यन, जफरुद्दीन, जमशेद खान, पंकज शर्मा, रमन सैनी, अजय मेठी, प्रदीप सिंह, रामप्रकाश शर्मा, बिजेंद्र सैन, प्रशांत राजा, मनीष कोली, कुलदीप माथुर, सुदर्शन अरोड़ा, संजय शुक्ला, रूपेश जैन, कमल सेन,देवेंद्र शर्मा,दीना खान, खेमचन्द, हरिराम, विश्राम सरपंच, साबका सरपंच आदि उपस्थित रहे।

### कूपन का विमोचन

**रामगढ पचवारा।** समीपवर्ती श्री भूतेश्वर गौ सेवा समिति डिडवाना में भूतेश्वर गौरक्षा कंमाडो फोर्स डिडवाना के द्वारा मकर सक्रांति के पावन पर्व पर चारा संग्रहण महाअभियान के कूपन का विमोचन श्री श्री1008 अवधेश दास महाराज काली डूंगरी हनुमान मंदिर निर्झरना द्वारा किया गया। इस को संरक्षण के लिए राशि के कूपन के विमोचन के दौरान कहा कि गौ रक्षा कमांडो फोर्स के युवा लगातार को संरक्षण के लिए कार्य कर रहे हैं लंबे समय से उनकी आर्थिक स्थिति प्रतिकूल होने के बाद भी यह गौरक्षक दल हमारे सनातन धर्म की रक्षा करने में लगे हुए हैं। मकर सक्रांति के महापर्व पर आदिकाल से किए जा रहे दानपुण्य का भी महत्व बताया। अवधेश दास महाराज ने बताया की सूर्य देव के उत्तरायण होने का पर्व मकर संक्रांति के दिनदान पुण्य का महत्व बढ़ जाता है। इस पर्व पर नकारात्मक शक्तियों का क्षय होता है और सकारात्मक प्रवृतियां बढ़ी होती है। सांस्कृतिक और वैज्ञानिक महत्व वाले इस पर्व पर सभी में नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

## 'जिन निकायों के बजट में भेदभाव हुआ उन्हें अतिरिक्त बजट दिया जाये'

**मंडावरी (निसं)।** यशवंत जोशी प्रदेश के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा दौसा जिले की मंडावरी नगर पालिका स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई 503 का विभागीय मंत्री बनने के बाद प्रदेश का पहला औचक निरीक्षण किया गया। यूडीएच मंत्री द्वारा करौली जिले के गुड़गांव में कार्यक्रम से वापस लौटते समय रविवार को देर शाम औचक निरीक्षण किया गया।

> ■ यू.डी.एच. मंत्री ने प्रदेश में पहली बार अन्नपूर्णा रसोई का किया औचक निरीक्षण
>
> ■ प्रदेश भर में निकाकायों को सुधारने के प्रयास किए जाये जायेंगे

इस दौरान यूडीएच मंत्री खर्रा मीडिया से भी मुखातिब हुए और उन्होंने मीडिया के पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि पिछले पांच साल में जिन नगर निकायों नगर पालिका शहरी निकाय आदि में बजट आवंटन को लेकर भेदभाव बढ़ता है ऐसी शहरी नगर पालिका नगर निगम नगर परिषद इत्यादि निकायों की स्क्रुटनिंग की जाएगी। जिन शहरी निकायों में पिछले साल में कांग्रेस सरकार द्वारा बजट आवंटन करने में भेदभाव बढ़ता गया से हरी निकायों को क्षतिपूर्ति के लिए अतिरिक्त बजट आवंटित किया जाएगा। यूडीएच मंत्री ने कहा कि प्रदेश भर में शहरी निकायों की व्यवस्था सुधारने के लिए एवं उनके विकास को गति देने के लिए रिक्त पडे पदों को भी शीघ्र भरा जाएगा। यूडीएच मंत्री खर्रा ने कहा कि प्रदेश के शहरी निकायों में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ भरपूर गतिशीलता के साथ विकास कार्य हो इस पर भी फोकस रहेगा। इस दौरान यूडीएच मंत्री खर्रा द्वारा मंडावरी कस्बे के कृषि उपज मंडी समिति के सामने स्थित श्री अन्नपूर्णा रसोई का बारीकी से जायजा लिया गया मंत्री द्वारा रसोई के अंदर भोजन व्यवस्था एवं उसकी गुणवत्ता की जांच की गई। साथ ही मंत्री द्वारा रसोई के अंदर खाना खा रहे लाभार्थियों व रसोई संचालक खेमराज जोशी से भी संवाद करते हुए रसोई द्वारा दिए जा रहे खाने की गुणवत्ता संबंधी सवाल-जवाब करने के साथ रसोई की कार्य प्रणाली का फीडबैक भी लिया गया।

जहां श्री अन्नपूर्णा रसोई का कामकाज बेहतरीन मिलने के बाद विभागीय मंत्री खर्रा द्वारा विजिटर बुक में रसोई की कार्य व्यवस्था की तारीफ की गई। मंत्री ने कहा की रसोई आने वाले लाभार्थी एवं जरूरतमंद को ज्यादा लाभ मिले इसलिए भोजन की मात्रा को भी बढ़ाया गया है। इसी दौरान यूडीएच मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत संकल्पित भारत को लेकर कहा कि यह अभियान देश की विकास और समृद्धि में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को भव्य श्री राम मंदिर शुभारंभ देश की प्रगति एवं विकासशीलता का प्रतिबिंब साबित होगा।

इस दौरान मंडावरी भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष कमल मीणा अशोक चोधरी एवं भाजपा नेता कैलाश मीणा राजमल सोनी पूर्व उप प्रधान बद्री लाल मीणा के नेतृत्व में मंत्री का स्वागत अभिनंदन भी किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री से मंडावर नगर पालिका क्षेत्र के भरपूर विकास के लिए बजट आवंटन की मांग की गई जहां मंत्री द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को मंडावरी नगर पालिका को विकास के लिए बेहतर व्यवस्था देने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान कई भाजपा कार्यकर्ता एवं रसोई पहुंचे लाभार्थी मौजूद रहे।

### 'संकल्प यात्रा में आमजन की भागीदारी हो'

**टोंक (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने सोमवार को जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विकसित भारत यात्रा के कैंपों में आमजन को जागरूक कर अधिक से अधिक लाभार्थियों को जोड़ा जाएं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा में पात्र लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की।

जिला कलेक्टर ने आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जीवन ज्योति बीमा योजना, विकसित भारत का संकल्प, मेरी कहानी-मेरी जुबानी, पुरस्कार वितरण एवं स्वास्थ्य कैंप आदि के तहत पात्र लाभार्थियों की प्रगति की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## भय मुक्त राजस्थान बनाने के प्रयास होंगे : संजय शर्मा



पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा के अलवर निवास पर आज मिलने वालों का तांता लगा रहा।

**अलवर (निसं)।** राजस्थान के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा के अलवर निवास पर आज मिलने वालों का तांता लगा रहा वहीं सरिस्का के अधिकारी क्षेत्रीय निदेशक आर एन मीना और डीएफओ सरिस्का डीपी जगावत ने उनसे शिष्टाचार भेंट की मंत्री ने सरिस्का के विकास की योजना बनाने के लिए उन अधिकारियों को कहा और कहा कि कोई भी समस्या हो तो उन्हें बताएं उन्हें दूर करने के प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

इस विभाग में चुनौतियों के साथ काम करने के मौके भी बहुत हैं। वन्य जीवों की सुरक्षा ,वन क्षेत्र की सुरक्षा और ग्रामीणों के हित की रक्षा करने के लिए उनका विभाग प्रतिबद्ध है उन्होंने कहा कि वन्य अधिकारियों और जनता के हित आधार पर जो भी कम होंगे वह किए जाएंगे भ्रष्टाचार के जीरो टॉलरेंस के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार को प्राथमिकता से लिया हुआ। चाहे वह पेपर लीक का मामला हो चाहे अन्य मामले हो। सरकार ने 10 दिन में ऐसे कदम उठाए हैं। आमजन सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि आज मुंडावर की दो ग्राम पंचायत सकतपुरा, मानका, में लगने वाले शिविरो का निरीक्षण किया।